प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल में बढ़ते नशे के खिलाफ सभी से बिना किसी राजनीति के नशा हटाओ हिमाचल बचाओ अभियान चलाने का आह्वान किया है। राजभवन शिमला में राज्यपाल के रूप में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि दो वर्ष में उन्होंने सवैधानिक मर्यादाओं व पद की गरिमा में रहकर कार्य किया है।

राज्यपाल—

शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ पंचायतीराज संस्थाओं और शिक्षण संस्थानों में छेड़ी गई उनकी मुहिम ने अब सरकार और पंचायतों ने भी काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये मुहिम आंदोलन का रूप लेगी जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है।

शिव प्रताप शुक्ल—

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल को भरपूर सहयोग दे रही है और राज्य सरकार को अपने अंशदान पर ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र से तालमेल बना कर ही प्रदेश आगे बढ़ सकता

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी एक सौ 35 पुलिस थानों को 6 श्रेणियों में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सेवा वितरण को बढ़ाना, कानून व्यवस्था में सुधार और सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों को वार्षिक अपराध पंजीकरण की संख्या के आधार पर ए प्लस से ई श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को नए वर्गीकरण के अनुसार पद भरने और पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाकर कानून व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

रवनीत बिट्टू

केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा है कि केंद्रीय बजट में हिमाचल के लिए 11 हजार 8 सौ 6 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में विकसित भारत 2 हजार 47 का रोड़मैप देश के सामने रखा है और इसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व

में केंद्र सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ये बजट राज्य को नई ऊंचाईयों तक ले जाने में साहयक होगा।

रवनीत बिट्टू–

<u>अग्निहोत्री</u>

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष नीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज राजस्थान के उदयपुर में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्टेट वॉटर मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उप–मुख्यमंत्री ने इंडिया–2047–जल सुरक्षित राष्ट्र विषय पर अपने संबोधन में जल संकट, जल वायु परिवर्तन के प्रभावों और नवाचार आधारित समाधान की आवश्यकता को रेखांकित किया जिससे जल प्रबंधन को अधिक स्थाई बनाया जा सके।

<u>प्रतिभा</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बढ़ते नशे के प्रचलन पर अंकुश लगाने के लिए लोगों से एकजुट होकर आगे आने का आग्रह किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने भाजपा से इस गंभीर समस्या पर राजनीतिक हित न साधने और बढ़ते नशे के खिलाफ सरकार व समाज को अपना पूरा सहयोग देने का अनुरोध किया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार चिट्टा व अन्य नशे के खातमें के लिए पूरी मजबूती से कार्य कर रही है। उन्होंने प्रदेश के कुछ स्थानों पर पंचायतों द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान को सराहनीय कदम बताया।